बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर नालंदा।

संशोधित अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या– ....13..../2021

1. निविदाकर्त्ता का पदनाम : अपर पुलिस महानिदेशक सह निदेशक, बि0पु0अका0, राजगीर।

2. निविदा प्रकाशन की तिथि : 31.07.2021

3. निविदा प्राप्ति की तिथि, समय एवं स्थान : 05.08.2021 को अपराह्न 06:00 बजे तक अकादमी प्रशासनिक भवन के सील्ड कोटेशन/टेन्डर निविदा वॉक्स में जमा करेंगे।

4. निविदा (टैक्निल एवं वित्तीय बिड) खोलने की तिथि एवं समय एवं स्थान। : 06.08.2021 को 11:00 बजे पूर्वाह्न को ऑडिटोरियम हॉल में निविदा खोली जाएगी।

5. निर्माण/मरम्मति कार्य का ब्यौरा : (दो पहिया वाहन के लिए गैरज का निर्माण जी0एस0शीट की Roofing के साथ)

क्र0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि रू. में।	परिमाण विपत्र का मूल्य रू0 में	कोटेशन फीस	कार्य समाप्ति की अवधि
01	दो पहिया गैरज का निर्माण (विस्तृत विवरणी संलग्न)	49955/-	5000/-	1000/-	500/– रूपये का डिमांड ड्राफ्ट	15 दिन

6. निविदा वैधता की अवधि 30 दिन होगी।
7. संवेदक बिहार सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त होना चाहिए।
8. निदेशक, बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर द्वारा निविदा को किसी भी समय के लिए बढ़ाया या खत्म किया जा सकता है।
9. वैसे संवेदक जो किसी भी विभाग में निविदा में भाग लेने से वंचित है या काली सूची में अंकित है निविदा में भाग लेने के पात्र नहीं है।
10. परिमाण–विपत्र बिक्री के समय सम्वेदक निम्न वर्णित अद्यतन अभिलेखों की स्व–अभिप्रमाणित प्रति आवेदन के साथ प्रस्तुत करेंगे एवं उनकी मूल प्रति जाँच एवं अवलोकन हेतु प्रस्तुत करेंगे :–आयकर पैन नं0, GST निबंधन, उचित श्रेणी का निबंधन प्रमाण–पत्र तथा जिला पदाधिकारी/पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रदत्त वैध चरित्र प्रमाण–पत्र ।
11. निविदा कागजात के साथ भी निम्नलिखित सभी अद्यतन प्रमाण–पत्रों की पठनीय स्वप्रमाणित छाया प्रति देना अनिवार्य है। अन्यथा निविदा अमान्य समझी जायेगी। अद्यतन प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन की प्राप्ति रसीद मान्य नहीं होगा। निविदाकार द्वारा समर्पित सभी प्रमाण पत्रों की अवधि निविदा आमंत्रण तिथि तक होना अनिवार्य है।
    - (i) उचित श्रेणी का निबंधन प्रमाण–पत्र।
    - (ii) कम्पनी एक्ट के तहत् निबंधित संवेदक को निविदा के साथ Certificate of incorporation, Memorandum of Association and Article of Association तथा Partnership firm/LLP में Partnership Deed संलग्न करना अनिवार्य होगा।
    - (iii) पैन कार्ड की छायाप्रति।
    - (iv) GST निवंधन प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
    - (v) वैद्य चरित्र प्रमाण पत्र।
    - (vi) अग्रधन की राशि (EMD)
    - (vii) शपथ पत्र मूल में।
12. निविदाकार या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदा एवं संलग्न सभी कागजातों पर वायें तरफ **हस्ताक्षर करना अनिवार्य है** ।
13. अग्रधन के संबंध में तथा अन्य शर्तें परिमाण विपत्र के साथ दस्तावेज में देखी जा सकती है।
14. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि या निविदा प्राप्ति/खोलने की तिथि के दिन किसी कारणवश सरकारी अवकाश घोषित हो जाने पर यह तिथि अगले कार्य दिवस को स्वतः निश्चित समझा जायेगा ।

15. निविदा खोलने के समय निविदाकार या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगें एवं यथा निदेशित अभिलेखों/उपस्थित पंजी पर हस्ताक्षर करेंगें अन्यथा बाद में किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं होगा।

16. निविदादाता निविदा में भाग लेने से पूर्व कार्य स्थल का अच्छी तरह निरीक्षण कर लेगें

17. डिफेक्ट लाईबिलिटी पिरियड 1 (एक) वर्ष होगा।

18. निम्नलिखित आशय का शपथ पत्र मूल में समर्पित करना अनिवार्य हैः–

(क) मेरे/हमारे विरूद्ध किसी प्रकार का आपराधिक मामला किसी भी न्यायालय में विचाराधीन नहीं है।

(ख) मुझे/हमें किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी प्रतिष्ठान द्वारा निविदा में भाग लेने से वंचित (Debar), काली सूची में दर्ज (Blacklisted) एवं विगत एक वित्तीय वर्ष के अन्दर एकरारनामा रद्द (Rescind) नहीं किया गया है।

(ग) मेरा/हमारा कोई निकटतम संबंधी (अभिप्रेत है पति/पत्नी, माता/पिता, भाई/बहन तथा इस तरह के ससुराल पक्ष के संबंधी) संबंधित कार्य प्रमंडल में कनीय अभियन्ता/सहायक अभियन्ता/कार्यपालक अभियन्ता/प्रमंडलीय लेखा पदाधिकारी/लेखापाल के रूप में कार्यरत नहीं है।

(घ) निविदा में संलग्न सभी प्रमाण–पत्र, कागजात, विवरणी सत्य है।

(ङ) उपर्युक्त कंडिका 'क', 'ख' एवं 'ग' में गलत सूचना देने का दोषी पाये जाने अथवा कंडिका 'घ' में से कोई अभिलेख असत्य, नकली, जाली पाये जाने पर सक्षम प्राधिकार मेरे ऊपर विधि सम्मत दण्ड, मेरे निबंधन को काली सूची में दर्ज करने, प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई के लिए स्वतंत्र होंगे।

19. संवेदक द्वारा Quoted Rate यदि B.O.Q से 10 प्रतिशत से अधिक नीचे है तो उस निविदा को अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

सहायक निदेशक(प्रशासन)
बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर।

ज्ञापांक–3247/अकादमी
बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर।
दिनांक– 31.07.21

प्रतिलिपि–

2. कनीय अभियंता, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर को सूचनार्थ।

सहायक निदेशक(प्रशासन)
बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर।